आवेदकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. यद्यपि आवेदनों के सूक्ष्म परीक्षण के दौरान हर सावधानी बरती गई है, फिर भी यह अधिसूचित किया जा रहा है कि यदि किसी आवेदक को आगे के चरणों में अयोग्य पाया जाता है तो उसका/उसकी उम्मीदवारी को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

2. इस अधिसूचना के साथ एडमिट कार्ड का प्रारूप संलग्न है। उम्मीदवारों को उसका प्रिंट निकालकर सभी आवश्यक विवरणों को भरना होगा और हाल ही में लिए हुए रंगीन पासपोर्ट फोटोग्राफ को स्व-सत्यापित कर चिपकाना होगा। कृपया ध्यान दें कि एक से अधिक पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों हेतु प्रत्येक पद के लिए अलग एडमिट कार्ड आवश्यक होगा। इसके अलावा, उम्मीदवारों के लिए अपना मूल फ़ोटो पहचान पत्र ('आधार कार्ड', 'वोटर आईडी कार्ड', 'पासपोर्ट', 'ड्राइविंग लाइसेंस' या 'पैन कार्ड' में से एक) भी लाना आवश्यक होगा।

3. अनुसूचित जाति (एस.सी)/अनुसूचित जनजाति (एस.टी)/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस) के सभी आवेदकों को पेपर-1 के समय केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में वैध जाति प्रमाण पत्र (संदर्भ के लिए संलग्न है) की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति जमा करनी होगी, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी उस श्रेणी में अमान्य की जा सकती है।

4. अन्य पिछडे वर्ग (ओ.बी.सी) के नॉन-क्रीमी-लेयर के सभी आवेदकों को पेपर-1 के समय 31-मार्च-2019 के बाद जारी केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में वैध जाति प्रमाण पत्र (संदर्भ के लिए संलग्न है) की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति जमा करनी होगी, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी उस श्रेणी में अमान्य की जा सकती है।

5. दिव्यांग (पी.डब्ल्यू.डी) आवेदकों को पेपर-1 के समय निर्धारित प्रारूप में वैध पी.डब्ल्यू.डी प्रमाण पत्र (संदर्भ के लिए संलग्न है) की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति जमा करनी होगी (जिन्होंने पहले जमा नहीं की है), अन्यथा उनकी उम्मीदवारी उस श्रेणी में मान्य नहीं होगी।

6. **जो आवेदक एक से अधिक टेस्ट ग्रुप के पात्र हैं, उन्हे पेपर 1 की परीक्षाओं में आवेदित पद की आवश्यकतानुसार अलग–अलग टेस्ट ग्रुप में सम्मिलित होना है।**

7. सभी उम्मीदवारों को उत्तरों को चिह्नित करने के लिए काला / नीला बॉल प्वाइंट पेन लाना होगा।

8. परीक्षा और साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता (टी.ए)/ दैनिक भत्ता (डी.ए) देय नहीं है।

9. **आशुलिपिक पद हेतु पेपर–1 में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थीयों के लिए आवश्यक न्युनतम आशुलिपिक गति का सत्यापन ट्रेड–टेस्ट द्वारा किया जावेगा, जिसके लिए अलग से समय सारिणी घोषित की जावेगी।**

10. कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) और वरिष्ठ सहायक (सीनियर असिस्टेंट) पद **हेतु पेपर–1 में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थीयों के लिए आवश्यक न्युनतम टंकण गति का सत्यापन ट्रेड–टेस्ट द्वारा किया जावेगा, जिसके लिए अलग से समय सारिणी घोषित की जावेगी।**

11. कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) और वरिष्ठ सहायक (सीनियर असिस्टेंट) पद के लिए प्रावधिक रूप से योग्य पाए गए उम्मीदवारों की आवश्यक न्यूनतम टाइपिंग गति को परखने के लिए ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। ।

12. ऐसे सभी उम्मीदवार जिनके नाम के आगे दस्तावेजों की कमी (यदि कुछ है) का उल्लेख किया गया है, उन्हें पेपर -1 में उपस्थित होने के समय आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे, अन्यथा ऐसे उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर किया जाएगा।

13. सभी पदों के लिए सामान्य कौशल परीक्षा (पेपर -1) (लिखित परीक्षा) की सारणी संलग्न टाइम टेबल के अनुसार है।

14. जिन आवेदकों ने आवेदन दिया था लेकिन सूची में उनका नाम दर्शाया नहीं गया है, वे दिनांक **06.01.2020** तक clarification.nt@nitrr.ac.in पर ई-मेल भेजकर स्पष्टीकरण की मांग कर सकते हैं। स्पष्टीकरण के लिए निर्धारित दिनांक के बाद प्राप्त ई-मेल पर विचार नहीं किया जायेगा।

15. यह उम्मीद की जाती है कि आवेदक स्पष्टीकरण का अनुरोध करने से पहले स्वयं अपनी उपयुक्तता का आंकलन कर लेवें। स्पष्टीकरण के अनुरोधों में पद, जिसके लिए आवेदन किया गया है, स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।